Ans. (a) – डॉ. टेसीतोरी के अनुसार, राजस्थानी भाषा 12वीं सदी में अस्तित्व में आई थी। राजस्थानी इंडो-आर्यन परिवार की एक महत्वपूर्ण भाषा है। यह भाषा राजस्थान के अलावा भारत के अन्य राज्यों में भी बोली जाती है।

450. 'मारवाड़ रा परगना री विगत' का लेखक है-
(a) दयालदास (b) चारण शिवदास
(c) मुहणौत नैणसी (d) पद्मनाभ
कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – मारवाड़ रा परगना री विगत के लेखक मुहणौत नैणसी है। ये जसवंत सिंह के दीवान एवं प्रसिद्ध लेखक थे। अजीत सिंह ने मुहणौत नैणसी की हत्या करवा दी।

451. निम्नलिखित संतों में से किसने अपने लेखन में मेवाती बोलियों का प्रयोग नहीं किया?
(a) लालदास (b) चरणदास
(c) सुन्दरदास (d) सहजोबाई
फायरमैन सीधी भर्ती परीक्षा-2021 (Ex. Dt. 29-01-2022)

Ans. (c) – सुन्दरदास ने अपने लेखन में मेवाती बोली का प्रयोग नहीं किया था, बल्कि वे खड़ी बोली (हिन्दी) का प्रयोग किया। सुन्दरदास को 'हिन्दी साहित्य का शंकराचार्य' कहा जाता है। मेवाती लिपि का प्रयोग लालदास तथा चरणदास की दो शिष्याएँ-सहजोबाई व दयाबाई ने अपनी लेखन में किया।

(v) राजस्थान के प्रमुख मेले एवं त्योहार

452. कौन-सा (पशु मेला और जिला) सही सुमेलित नहीं है?
(a) चन्द्रभागा पशुमेला - झालावाड़
(b) गोगोमेडी पशुमेला - हनुमानगढ़
(c) शिवरात्रि पशुमेला - सवाई माधोपुर
(d) रामदेव पशुमेला - नागौर
Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (c) : सही सुमेलित है -

पशु मेला	-	जिला
चन्द्रभागा पशुमेला	-	झालावाड़
गोगामेड़ी पशुमेला	-	हनुमानगढ़
शिवरात्रि पशुमेला	-	करौली
रामदेव पशुमेला	-	नागौर

453. शिवरात्रि पशु मेले का आयोजन होता है-
(a) झालावाड़ में (b) करौली में
(c) भरतपुर में (d) अलवर में
Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (b) : शिवरात्रि पशु मेले का आयोजन करौली में होता है। इस मेले का आयोजन आश्विन मास में होता है। पशुपालन विभाग द्वारा इस मेले का आयोजन वर्ष 1964 से हो रहा है।

454. नारायणी माता (अलवर) का मेला किस तिथि को आयोजित होता है?
(a) चैत्र शुक्ल-13 (b) कार्तिक शुक्ल-4
(c) आश्विन शुक्ल-14 (d) बैशाख शुक्ल-11
RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (d) : नारायणी माता (अलवर) का मेला प्रतिवर्ष बैशाख शुक्ल एकादशी को आयोजित होता है। इस मंदिर का निर्माण 11वीं सदी में प्रतिहार शैली में किया गया था। नाई जाति के लोग इन्हें अपनी कुल देवी मानते हैं।

455. राजस्थान का प्रसिद्ध बेणेश्वर मेला किस माह में लगता है?
(a) पौष (b) आषाढ़
(c) फाल्गुन (d) माघ
सेकेण्ड ग्रेड संस्कृत शिक्षा -17.02.2019
Lab Asst. (Sce.) II-Step-29.06.2022
वन रक्षक -2020
RPSC-2017

Ans. (d) : राजस्थान का बेणेश्वर मेला डूंगरपुर में सोम, माही व जाखम नदियों के संगम पर माघ पूर्णिमा को लगता है। इस मेले को बागड़ का पुष्कर मेला भी कहा जाता है। इस मेले को आदिवासियों का महाकुम्भ भी कहते है।

456. प्रसिद्ध आदिवासी मेला बनेश्वर किस जिले में आयोजित होता है?
(a) बांसवाड़ा (b) डूंगरपुर
(c) उदयपुर (d) बूंदी
उत्तर - (b)
RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या— उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

457. गोगाजी का मेला कहाँ आयोजित किया जाता है?
(a) फलौदी के निकट हालूगढ़ गाँव में
(b) सवाई माधोपुर के चन्द्रगाँव में
(c) बैराठ के निकट बाणगंगा के तट पर
(d) गंगानगर की नोहर तहसील के एक गाँव
RPSC-2011

Ans. (d) : लोकदेवता श्री गोगाजी का प्रसिद्ध मेला राजस्थान के हनुमानगढ़ (गंगानगर) जिले की नोहर तहसील के एक गाँव गोगामेड़ी में लगता है। यहां पर गोगा जी का प्रसिद्ध मंदिर है। यह मला भाद्रपद की कृष्ण पक्ष की नवमी को लगता है। यहाँ नाग पूजा भी की जाती है। गोगा जी की पूजा खेज़ड़ी वृक्ष के नीचे की जाती है।

458. बादशाह का प्रसिद्ध मेला राजस्थान के किस शहर में आयोजित होता है?
(a) हिण्डौन सिटी (b) करौली
(c) व्यावर (d) चाकसू
RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (c) : बादशाह का प्रसिद्ध मेला राजस्थान राज्य के अजमेर जिले के व्यावर शहर में आयोजित किया जाता है। इस मेले का आयोजन एकता के प्रतीक के रूप में किया जाता है। इस मेले के महत्व को देखते हुए राजस्थान पर्यटन विभाग ने इसे पर्यटन मेले के रूप में मान्यता दी है।

459. प्रसिद्ध घोटिया अम्बा का मेला राजस्थान के किस जिले से सम्बद्ध है?
(a) सीकर (b) बाँसवाड़ा
(c) झालावाड़ (d) जालौर
RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022